बर्षः- 05
अंकः- 314
मुरादाबाद
(Tuesday)
10 March 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## जनता दर्शनः सीएम ने बच्चे से ली पढ़ाई की जानकारी, बोले- किताबें पढ़ो, सोशल मीडिया का प्रयोग कम करो



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुना और जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एक बच्चे को चॉकलेट दी और उसकी पढ़ाई के बारे में पूछताछ की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए पीड़ितों मुख्यमंत्री ने मुलाकात की और उनका प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि सरकार सभी की उचित समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी समस्याओं का निस्तारण होगा। मुख्यमंत्री ने जनपदों के प्रशासनिक व पुलिस अफसरों को निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समय सीमा के अंदर सुनिश्चित किया जाए। 'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनसे पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। एक बच्चे के पास पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि किताबें पढ़ो। सोशल मीडिया का प्रयोग उतना ही करो, जितनी आवश्यकता है। इसका अत्यधिक प्रयोग घातक है। सीएम ने मोबाइल आदि का प्रयोग भी कम करने की सलाह दी।निवेश और उद्योग विकास में देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं

'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) व जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं। उद्यमियों की परेशानी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि निवेश और उद्योग विकास में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

अवैध कब्जे के मामले पर सीएम हुए सख्त- कासगंज से आए पीड़ित ने सीएम के समक्ष पुलिस से जुड़ी शिकायत रखी। पीड़ित ने अपने प्रकरण में कार्रवाई पर देरी की शिकायत की। इस पर सीएम योगी ने पुलिस अधीक्षक को मामले का संज्ञान लेते हुए समस्या के समयबद्ध निराकरण का निर्देश दिया। वहीं एक प्रकरण पारिवारिक विवाद से भी जुड़ा आया। अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायत पर सीएम सख्त हुए, उन्होंने कहा कि ऐसे मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने पीड़ित को आश्वस्त किया कि नियमानुसार तत्काल कार्रवाई होगी।

## सीएम का BJP पर धरना स्थल पर पर्चे बांटने का आरोप, TMC कार्यकर्ताओं से कहा- पकड़कर पुलिस के हवाले करो



ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसकी एजेंसियां कोलकाता में उनके धरनास्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के प्रचार वाले पर्चे बांट रही थीं। उन्होंने टीएमसी कार्यकर्ताओं से ऐसे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले करने को कहा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और %उसकी एजेंसियां% कोलकाता में उनके धरनास्थल पर पर्चे बांट रही थी। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि ऐसे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दें।मुख्यमंत्री बनर्जी पिछले तीन दिनों से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में शहर के बीचों-बीच धर्मतला में धरना दे रही हैं। उन्होंने राज्य की मंत्री शशि पांजा को भी इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने क्या कहा? इन पर्चों में कथित तौर पर 14 मार्च को कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली रैली का प्रचार किया गया था। पर्चों को बांटा जा रहा था। उन्होंने समर्थकों से कहा, किसी दूसरे राजनीतिक दल के कार्यक्रम में ऐसे पर्चे बांटने का उन्हें अधिकार नहीं है। उन्हें पकड़ो और पुलिस के हवाले कर दो।बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, उन्हें जनता का समर्थन नहीं है। वे %वोट चोर% हैं। वे एजेंसियों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि पर्चे बांटने में शामिल लोग सामना होने के बाद वहां से भाग गए।

## संक्षिप्त समाचार

### टला बड़ा हादसा: दौड़ती स्कूल बस के इंजन में लगी आग, गाड़ी में सवार थे 28 बच्चे; धुएं के बीच मची चीख पुकार

गनीमत रही कि घटना में कोई बच्चा घायल नहीं हुआ, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर मौजूद स्कूल कर्मचारियों के अनुसार बस में शॉर्ट सर्किट होने से धुआं और आग लगने की आशंका जताई जा रही है। यूपी के हापुड़ स्थित पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में हाइवे पर पिलर नंबर 65 के पास सोमवार को बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल बस के इंजन से अचानक धुआं उठने लगा। जिससे बच्चों में चीख पुकार मच गई। बस के चालक परिचालक व आस-पास के लोगों ने बस में सवार 28 बच्चों को तुरंत नीचे उतारा, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार रजनी विहार मोहल्ले स्थित कोहिनूर स्कूल के छात्र परीक्षा देकर प्राइवेट बस से घर लौट रहे थे। बस जैसे ही पिलर नंबर 65 के पास पहुंची, चालक सीट के समीप इंजन की ओर से अचानक धुआं निकलने लगा और हल्की आग भी दिखाई दी। देखते ही देखते बस के भीतर धुआं फैल गया और बच्चों में अफरा-तफरी मच गई। बच्चों को तुरंत बस से नीचे उतार दिया गया। इसके बाद बस को तुरंत ही मौके से हटा दिया गया। गनीमत रही कि घटना में कोई बच्चा घायल नहीं हुआ, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर मौजूद स्कूल कर्मचारियों के अनुसार बस में शॉर्ट सर्किट होने से धुआं और आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बस को जल्द ही मौके से हटा दिए

## 'वहीं बैठे रहोगे और घटते जाओगे', जयशंकर के बयान के दौरान हंगामा; नड्डा बोले- विपक्ष फैला रहा अराजकता



राज्यसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान के दौरान विपक्ष के वॉकआउट पर जेपी नड्डा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष संसद में केवल अराजकता फैलाना चाहता है और विकास के मुद्दों में उसकी रुचि नहीं है।राज्यसभा में सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर बयान देने के लिए खड़े हुए। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने शोर-शराबा करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि विपक्ष का उद्देश्य केवल संसद में अराजकता और हंगामा पैदा करना है।खरगे ने मांगी थी चर्चा की अनुमति-राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने शोक-संदर्भ और सूचीबद्ध दस्तावेज पेश होने के बाद विदेश मंत्री जयशंकर को बयान देने के लिए आमंत्रित किया। इसी दौरान कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बोलने की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष भारत की आर्थिक स्थिरता और वहां काम कर रहे भारतीयों की सुरक्षा व आजीविका को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा और बदलते भू-राजनीतिक हालात पर लघु अवधि की चर्चा कराने की मांग भी की।बयान शुरू होते ही बढ़ा हंगामा- सभापति ने खरगे से कहा कि वे बाद में उन्हें बोलने का मौका देंगे और विदेश मंत्री को अपना बयान देने के लिए कहा। जैसे ही जयशंकर ने बोलना शुरू किया, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सांसद अपनी सीटों से खड़े हो गए और खरगे को पूरा बोलने देने की मांग करने लगे। इसी मुद्दे पर विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। नड्डा ने विपक्ष पर साधा निशाना- विदेश मंत्री का बयान समाप्त होने के बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष के व्यवहार को गैर-जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को देश के विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है और वे लगातार मंत्रियों के जवाब के दौरान सदन से वॉकआउट कर रहे हैं। नड्डा के मुताबिक विपक्ष का मकसद केवल हंगामा और अव्यवस्था फैलाना है। जेपी नड्डा ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा मोदी सरकार के नेतृत्व में वहीं बैठे रहोगे और घटते चले जाओगे।

## पहली बार राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सीएम ने पेश किया बजट, बना इतिहास



ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा में आज से बजट सत्र शुरू हुआ। राज्यपाल अभिभाषण के बाद बजट पेश किया गया।उत्तराखंड के राजनीतिक इतिहास में पहली बार सरकार ने राज्यपाल अभिभाषण के दिन ही सदन में बजट पेश किया। यह पहला मौका था जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में वित्त मंत्री के रूप में अपनी सरकार का बजट पेश किया। सीएम धामी ने 1.11 लाख करोड़ से ज्यादा का बजट पेश किया। इस बार बजट को 10 फीसदी बढ़ाया है। चुनावी वर्ष का यह बजट गरीब, युवा, किसान व महिला सशक्तीकरण पर फोकस रहा। जेंडर बजट बढ़ाया खास बात यह है कि सरकार ने इस सत्र में जेंडर बजट बढ़ाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 16961.32 करोड़ का प्रावधा था जो कि इस बार बढ़ाकर 19692.02 करोड़ का प्रावधान किया गया।इन योजनाओं के लिए बरसा धन कुम्भ मेला के लिए भारत सरकार से अवस्थापना अनुदान के लिए 1027.00 करोड़ विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) हेतु समग्र रूप से रु0 705.25 करोड़ निर्भया फंड के लिए 112.02 करोड़ पर्यटन विकास हेतु अवस्थापना निर्माण के लिए 100.00 करोड़ कोलोनाइजेशन प्रोत्साहन के लिए अवस्थापना निर्माण के लिए 25.00 करोड़ हरिद्वार गंगा कॉरिडोर परियोजना हेतु के लिए 10.00 करोड़ ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए 10.00 करोड़ साईबर सिक्योरटी के क्रियान्वयन के लिए 15.00 करोड़ इमरजिंग टेक्नोलॉजी एवं एआई के क्रियान्वयन के लिए 10.50 करोड़ महक क्रान्ति हेतु 10.00 करोड़ स्पिरिचुअल इकोनोमिक ज़ोन के विकास के लिए 10.00 करोड़ हाउस ऑफ़ हिमालयाज के लिए 5.00 करोड़ उत्तराखण्ड एवं भारत दर्शन के लिए 4.50 करोड़ सरयू एवं अन्य रिवर फ्रंट योजनाओं के लिए 10.00 करोड़ आपदा सखी हेतु 2.00 करोड़ ग्राम प्रहरीके लिए 5.00 करोड़ नशा मुक्ति केन्द्र के लिए 4.50 करोड़ पुस्तकालय निर्माण 5.00 करोड़ विदेश रोजगार प्रकोष्ठ 3.73 करोड़ न्याय पंचायत स्तर पर स्टेडियम 10.00 करोड़ रेस्क्यू सेंटर 19.00 करोड़ गरीब कल्याणः मानव सेवा नारायण सेवा अन्नपूर्ति योजना के लिए 1300 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 298.35 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (शहरी) 56.12 करोड़ ई.डब्ल्यू.एस. आवास हेतु अनुदान 25.00 करोड़ परिवहन निगम की बसों में निर्धारित श्रेणी के यात्रियों हेतु निःशुल्क यात्रा की सुविधा 42.00 करोड़ निर्धन परिवार हेतु रसोई गैस पर अनुदान -43.03 करोड़ दिव्यांग पेंशन, तीलू रौतेली पेंशन, बौना पेंशन एवं जन्म से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों हेतु -167.05 करोड़ दैवीय

## आइरिस लावन को भारत में पनाह दिए जाने पर क्या बोली सरकारः संसद में जयशंकर ने बताया- ईरानी समकक्ष मदद के आभारी



पश्चिम एशिया में व्याप्त संकट पर बोलते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संसद को बताया कि भारत ने मानवीय आधार पर ईरान जहाज को डॉकिंग की अनुमति दी थी। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार ने संघर्षरत क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी कई कदम उठाए हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत ने एक मानवीय कदम उठाते हुए ईरान के जहाज आईरिस लावन को केरल के कोच्चि बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि इस फैसले के लिए ईरान के विदेश मंत्री ने भारत का आभार भी जताया है। उन्होंने कहा कि इस समय ईरान के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन भारत ने स्थिति को देखते हुए मानवीय आधार पर यह फैसला लिया। ईरान ने तीन जहाजों के डॉकिंग की मांगी थी अनुमति- विदेश मंत्री ने संसद को बताया कि 28 फरवरी को ईरान ने अपने तीन जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर रुकने की अनुमति मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को इसकी मंजूरी दे दी। इसके बाद आइरिस लावन 4 मार्च को कोच्चि पहुंचा। जहाज के चालक दल को फिलहाल भारतीय नौसेना की सुविधाओं में रखा गया है।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत को लगा कि ऐसा करना सही और मानवीय कदम था। अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने मांगी थी मदद- दरअसल, इससे पहले ईरान का एक और युद्धपोत आइरिस डेना डूब गया था। जानकारी के अनुसार यह जहाज श्रीलंका के गाले तट से लगभग 40 समुद्री मील दूर अमेरिकी पनडुब्बी के हमले में टॉरपीडो से नष्ट हो गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। %भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ सकता है संघर्ष का असर%- संसद में बोलते हुए डॉ. जयशंकर ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ सकता है, क्योंकि इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाला हॉर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार तेल की उपलब्धता, कीमत और जोखिम, तीनों बातों को ध्यान में रखकर फैसले ले रही है और भारतीय उपभोक्ताओं के हित को सबसे ऊपर रखा जाएगा।पश्चिम एशियाई नेताओं के संपर्क में हैं प्रधानमंत्री मोदी- विदेश मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार पश्चिम एशिया के कई नेताओं से संपर्क में हैं। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति, कतर के अमीर, सऊदी अरब और कुवैत के क्राउन प्रिंस, बहरीन के किंग, ओमान के सुल्तान, जॉर्डन के किंग और इस्राइल के प्रधानमंत्री से बात की है। अमेरिका के साथ भी भारत का राजनयिक स्तर पर संपर्क बना हुआ है।

## संपादकीय Editorial

### Nitish suddenly enters Rajya Sabha!

Why has Bihar Chief Minister Nitish Kumar suddenly decided to enter the Rajya Sabha? He became Chief Minister for the 10th time just 105 days ago. He held this position for 19 years and 4 months and can still remain Chief Minister until April 15th. The new mandate was given to the BJP-JD(U) and NDA. Power was retained by defeating the opposition RJD. Why has Nitish suddenly expressed his desire to leave the Chief Minister's post, for which he even endured epithets like "Paltu Ram"? Only Nitish or the BJP leadership can answer these questions, but this is explosive political news. SP President Akhilesh Yadav has termed it a "political kidnapping." Now, who will be the new Chief Minister of Bihar? This is a common question. It is certain that the BJP's dream of the past 20 years is about to come true. Even Nitish's close friend and former MP KC Tyagi has confirmed that the Chief Minister will be from the BJP. However, even during the Bihar elections, Nitish was old and unwell. Opposition allegations aside, there have been numerous public moments when it appeared Nitish was mentally unstable. If Nitish Kumar had expressed his desire to resign and join the Rajya Sabha just 105 days after receiving the mandate and becoming Chief Minister, he would never have taken the oath of office. Nitish had been given five new years in power. Despite his advancing age and declining health, he could have comfortably run the government. He could have made efforts to fulfill the promises he made to the people on the basis of which he secured the mandate. If he were now appointed a Union Minister by joining the Rajya Sabha, he would have charge of the ministry, the government's policy agenda, and the day-to-day responsibilities of the ministry. If Nitish was uncomfortable and unable to remain Chief Minister, the same situation would arise if he became a Union Minister. So why did he make this decision? Or was he forced by the BJP's top leadership? The question also arises: what will Nitish prove by becoming a Union Minister now? He has served as Minister of Agriculture, Railways, and Road Transport in the Central Government. Nitish was elected to Parliament six times and served as a Union Minister for six years. Prime Minister Modi cannot give him important ministries like Home, Finance, External Affairs, and Defense, as his trusted ministers are in those positions. Can the Prime Minister create the post of Deputy Prime Minister for Nitish? We find the chances of this even slim. Then why has Nitish betrayed the mandate? Why has he left JD(U) political workers, who cannot live without their top leader and feel betrayed, to weep and protest on the streets? Until now, it has been believed that no one can pressure or force Nitish, but this decision does not appear to be his own, despite his posting on social media. He seems to have been forced by Prime Minister Modi or Home Minister Amit Shah to come to Delhi and contribute to national politics. The Chief Ministership should go to the BJP. We also question: if Nitish remains capable and active at the center, what was the problem with him being Chief Minister? Whatever the interpretation, the current mandate in Bihar was given solely on the face and vision of Nitish Kumar. The BJP won 89 seats and the JDU 85. The way Nitish Kumar has practiced impeccable, undisputed, inclusive, socialist justice, the extremely backward, and women's politics for 45 long years has been unparalleled. Bihar has transformed during his nearly 20 years as Chief Minister, but even today it remains the poorest state and is burdened with a debt of ?3.61 lakh crore. Therefore, the BJP Chief Minister will face serious challenges. The promises made during the elections will also have to be fulfilled. It seems the BJP will now seek.

# Uproar expected again, no-confidence motion to be discussed

The second phase of Parliament's Budget Session is expected to be tumultuous. A heated debate will ensue on the no-confidence motion against Lok Sabha Speaker Om Birla, though the ruling party's majority ensures its outcome. It's no surprise that the second phase of Parliament's Budget Session will begin with uproar. Every session of Parliament begins with uproar, and sometimes the entire session is lost to it. The second phase of the Budget Session is expected to witness a series of accusations and counter-accusations during the debate on the no-confidence motion against Lok Sabha Speaker Om Birla. Furthermore, the opposition's attack on the government on the Israeli-US attack on Iran is likely to lead to a heated debate, but the outcome is certain. Since the ruling party has a majority, and the Prime Minister's praise of the Lok Sabha Speaker before the start of the session, saying he knows how to handle arrogant and unruly students, clearly suggests he is sending a message to the ruling party to unite behind Om Birla. This no-confidence motion could also lead to a floor test, as both the BJP and Congress have issued whips to their Lok Sabha members to be present in the House on March 9-10. Although the Upper House is known as the House of Elders, and its members are expected to discuss all issues more patiently and above party lines, the truth is that, like the Lok Sabha, scenes of uproar have now become commonplace in the Rajya Sabha as well. Before the second phase of the Budget Session, several parties, including the Congress, have demanded a statement on the Israeli-US attacks on Iran and the death of Iran's Supreme Leader, Ayatollah Ali Khamenei. Although the government has expressed condolences over Khamenei's death, several opposition parties, including the Congress, may insist that the government issue a statement in accordance with their wishes. Opposition parties cannot be unaware that the complex situation created by the military conflict between Israel, the United States, and Iran is one where the government cannot openly support any one side. The Congress, which has been in power at the center for a long time, is best aware of this situation, but it may be the first to demonstrate its narrow-mindedness on this issue. This is evident in Sonia Gandhi's article criticizing the government's approach to the West Asia crisis. At the very least, the Congress should understand that foreign policy belongs to the country, not to any party or government, and that the ruling party and the opposition should not only reach consensus on it but also demonstrate it.



# A war that escalates global crisis, no sign of regime change in Iran

The US and Israel attacked Iran, killing Supreme Leader Khamenei. The US's rationale is regime change and the elimination of nuclear capabilities. However, Iran closed the Strait of Hormuz and attacked neighboring countries. This increased tensions in West Asia and raised the specter of a global energy crisis. Iran's Supreme Leader Khamenei was killed in the US-Israeli attack. Iran's closure of the Strait of Hormuz exacerbated the global energy crisis. Khamenei's regime was autocratic, posing a diplomatic challenge for India. As feared, the US, along with Israel, attacked Iran. President Trump's rationale for this attack is that they want to eliminate Iran's nuclear weapons manufacturing capabilities along with regime change. The death of Iran's Supreme Leader Ali Khamenei in the joint US-Israeli attack marked the end of a rigid religious regime that had been in power for nearly 40 years, but this does not mean that a regime change is imminent in the country. At present, there are no signs of this. Whatever justification the US and Israel offer for attacking Iran, it cannot be justified. This is an arbitrary attack, just like the one carried out in Venezuela. The US has been encircling Iran for quite some time, while also negotiating with it. It attacked Iran in the midst of these talks. Iran is engaged in retaliatory strikes by the US and Israel. In addition to targeting Israel, it is also targeting US military bases and civilian areas in neighboring countries like Saudi Arabia, Bahrain, Qatar, and the United Arab Emirates. This is increasing tensions throughout West Asia. Iran has fired missiles and drones at Gulf countries and closed the Strait of Hormuz. It also attacked some oil tankers trying to pass through this strait. The closure of the Strait of Hormuz has disrupted the supply of oil and gas from West Asia. This strait supplies approximately a quarter of the world's total oil and gas consumption. The closure of the Strait of Hormuz has raised concerns about the disruption of oil and gas supplies to many countries around the world, including India. If oil and gas supplies from West Asian countries remain disrupted for a prolonged period, a global energy crisis could arise. Iran is isolating itself from the world by attacking civilian targets in neighboring countries and then closing the Strait of Hormuz. If it does not change its stance, whatever little sympathy it enjoys will soon vanish, as oil prices are constantly rising, increasing global anxiety. The Israel-US-Iran war has also posed a diplomatic balancing act for India, as it has relations with both sides. While India has mourned Khamenei's death and consistently issued statements advocating that any dispute should be resolved through dialogue, it cannot be ignored that Iran's theocratic regime led by Khamenei was autocratic and notorious for repressing its own people. Just a few days ago, his police killed thousands of protesters who, angered by his policies, took to the streets to protest. Khamenei's predecessor, Khomeini, overthrew the monarchy in the name of the Islamic Revolution and came to power in Iran. He forced his people to adopt radical Islamic principles. Khamenei, who succeeded him after his death, followed suit. During his tenure, Iran supported and cooperated with extremist groups like Hamas, Hezbollah, and the Houthis. All these groups pose a threat to Israel. Since the Islamic Revolution in Iran, the US has repeatedly incited dissidents to revolt, but failed to succeed. Iran, on the other hand, has ruthlessly suppressed these dissidents, including the recent uprising. It is currently unclear who will succeed Khamenei after his death. It is doubtful that the US will be able to effect a regime change there. If it fails, Trump's intentions will be thwarted. There are also doubts whether Israel and the United States will be able to destroy Iran's nuclear weapons capability. When these two countries attacked Iran last June, they claimed that its nuclear weapons system had been destroyed. Iran has compounded its problems because, on the one hand, it is intent on developing nuclear weapons and on the other, it constantly talks about wiping Israel off the world map. This has made Western countries suspicious of it. Despite facing severe US sanctions, Iran is neither abandoning its policy of providing arms and money to groups like Hamas and Hezbollah nor abandoning its intention to develop nuclear weapons. These sanctions have crippled its economy. It is still unwilling to change its stance despite the fact that its allies, Russia and China, are unable to help it beyond a certain limit. While it is true that a segment of the Iranian public is happy with Khamenei's death, it is difficult to say whether it will be able to facilitate a regime change, given the strong hold of the Iranian military, and especially the Islamic Revolutionary Guards Corps, in the country. It appears that the US attacked Iran without a solid strategy, as not all NATO countries were willing to support it. Trump has criticized the attack. It will also be affected by the crisis facing the global economy. It seems that Trump targeted Iran to divert his people's attention from his weakening position after the Supreme Court struck down his tariff policy. If the Trump administration has to reinstate the tariffs declared illegal and the war with Iran prolongs, the US economy, along with the rest of the world, could collapse. Along with this, Trump's dream of dominating the global oil trade and maintaining the dollar's dominance under this pretext could also be shattered. It cannot be ignored that, like Venezuela, Iran was also not selling its oil in dollars.



# मटर फैक्ट्री में गैस रिसाव से अफरा-तफरी, गंध फैलते ही मजदूरों ने भागकर बचाई जान

क्षेत्र के गांव चुचेला स्थित एक मटर फैक्ट्री में उस समय हड़कंप मच गया, जब फैक्ट्री परिसर में अचानक गैस का रिसाव हो गया।



गैस की तेज गंध फैलते ही फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई और सभी कर्मचारी आनन-फानन में अपनी जान बचाकर बाहर की ओर भाग निकले।फैक्ट्री में कामकाज चल रहा था, तभी अचानक गैस का रिसाव होने लगा। देखते ही देखते फैक्ट्री परिसर में बदबू फैल गई, जिससे मजदूरों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। स्थिति को भांपते हुए वहां मौजूद श्रमिक तुरंत फैक्ट्री से बाहर निकल आए। गैस के प्रभाव से एक महिला मजदूर की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में कुछ समय के लिए कामकाज भी प्रभावित रहा। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल बन गया। हालांकि जब इस संबंध में मौके पर मौजूद कर्मचारियों से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो कोई भी कुछ भी बताने को तैयार नहीं हुआ। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं मिलने की बात कही है।

# मुरादाबाद रेलवे स्टेशन परिसर में युवक की पीट-पीटकर हत्या, प्लेटफार्म पर पानी बेचता था सोनू, दोस्तों पर शक

मुरादाबाद रेलवे स्टेशन परिसर में युवक की पीटकर हत्या कर दी गई। उसका शव एक खंडहर में मिला है। जांच अधिकारियों को उसके दोस्तों पर शक है। वह मूल रूप से संभल का रहने वाला था। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन परिसर में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। युवक का शव प्लेटफॉर्म पांच के पास केजीके पुल के सामने खंडहर में मिला। उसकी पहचान संभल के हातिम सराय निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। सोनू कुमार कांशीराम नगर में रहता था और रेलवे स्टेशन पर पानी बेचता था। उसके चेहरे, पीठ और सिर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि सोनू को बेरहमी से पीटा गया। घटना की सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) मौके पर पहुंची।जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस को शक है कि इस घटना को सोनू के साथ रहने वाले युवकों ने ही अंजाम दिया है।



पुलिस अब इन संदिग्ध युवकों की तलाश कर रही है। खंडहरनुमा इमारत में मिला शव - सोनू कुमार का शव रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पांच के पास स्थित खंडहरनुमा इमारत में मिला। उसके चेहरे, पीठ और सिर पर चोट के गहरे निशान थे। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिलने का दावा किया है।पुलिस को दोस्तों पर शक - घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी और फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का विस्तृत निरीक्षण किया और आवश्यक नमूने एकत्र किए। पुलिस को शुरुआती जांच में सोनू के साथ रहने वाले कुछ युवकों पर संदेह है।

## टी-20 जीत का जश्न: मुरादाबाद में मिठाई बांटकर मनाई खुशी, सड़क पर होली के बाद मनी दिवाली, पटाखों की गूंज

भारत की टी-20 फाइनल में जीत के बाद मुरादाबाद में लोगों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। आतिशबाजी कर भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।भारत ने टी-20 विश्वकप के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद आकाश रेजिडेंसी वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने मिठाई वितरित कीं और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। सोसायटी के उपाध्यक्ष राजू आंबेडकर ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया है। यह जीत पूरे देश के लिए गर्व का पल है और सोसाइटी में भी उत्साह का माहौल है। इस दौरान अतुल चौधरी, जितेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार दास, मुखिया, शौर्य वंश सिंह, हिमांशी सिंह, रजनी गुप्ता आदि मौजूद रहीं।टीम इंडिया की शानदार जीत पूरे देश के लिए गर्व का पल है। खिलाड़ियों ने फाइनल में अनुशासन, धैर्य और बेहतरीन रणनीति का परिचय दिया। ऐसी बड़ी जीत युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करती है और उन्हें आगे बढ़ने का हौसला देती है। - सुनील कुमार, जिला क्रीड़ाधिकारीफाइनल मुकाबले में भारत का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया और निर्णायक मैच में भी उसी लय को बरकरार रखा। इस जीत से युवा खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह और बढ़ेगा। - बदरुद्दीन, क्रिकेट कोचटीम इंडिया की यह जीत शानदार टीमवर्क का नतीजा है। बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया और पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। ऐसे मुकाबले युवाओं को अनुशासन और रणनीति का तरीका सिखाते हैं। - अजय पाठक, संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघभारत ने फाइनल में संतुलित और आत्मविश्वास से भरा खेल दिखाया। बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में खिलाड़ियों का तालमेल देखने को मिला। इस तरह की जीत देशभर के युवाओं को क्रिकेट की ओर आकर्षित करती है। - सचिन कुमार तोमर, क्रिकेट कोचफाइनल में टीम इंडिया का प्रदर्शन देखने लायक रहा। खिलाड़ियों ने दबाव के बीच भी संयम और आत्मविश्वास के साथ खेल दिखाया। ऐसी जीत युवा खिलाड़ियों को मेहनत करने और बड़े सपने देखने की प्रेरणा देती है। - शिवांग कुमार, आईपीएल खिलाड़ीभारत की जीत से पूरे देश में जश्न का माहौल है।

# लिवर, किडनी और हार्ट छलनी, चाकू के 80 वार; बहन का बर्बरता से कत्ल करने वाले हार्दिक की क्रूरता की कहानी

मुरादाबाद में यूट्यूबर हार्दिक को जेल में विशेष निगरानी में रखा गया। हार्दिक से बंदियों ने दूरी बना रखी है। बहन की हत्या का आरोपी थाने में भी सीसीटीवी कैमरों के बीच रहा। हार्दिक की क्रूरता की कहानी से अन्य बंदी भी बेचैन हैं।मुरादाबाद शहर की पॉश कर बहन की हत्या करने वाले आरोपी इंजीनियर यूट्यूबर हार्दिक की कहानी से अन्य बंदी और कैदी भी बेचैन हैं। बताया जा रहा पहले थाने में भी उस पर सीसीटीवी कैमरे से विशेष नजर रखी सामने रहने वाली निजी कंपनी की ब्रांच असिस्टेंट मैनेजर नीलिमा मैनेजर थी। लिवर, किडनी और हार्ट को किया छलनी- शुक्रवार भाई हार्दिक ने बड़ी बेरहमी से की थी। हार्दिक ने उसके शरीर पर हार्ट छलनी कर दिया था। आरोपी ने अपनी मां नीलिमा पर भी मुरादाबाद से गिरफ्तार किया और थाने ले गई। यहां पूछताछ करने जैसी अजीब बातें कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने उसकी सीसीटीवी कैमरे से कवर हो रहा था। शनिवार की शाम उसे कोर्ट



कॉलोनी बुद्धि विहार में चाकू के ताबड़तोड़ 80 से ज्यादा वार की जेल में विशेष निगरानी की जा रही है। हार्दिक की क्रूरता है कि उन्होंने भी हार्दिक से दूरी बना ली है। जेल भेजने से गई थी। मझोला के बुद्धि विहार सेक्टर दो गणेश पार्क के की बेटी हिमशिखा गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी में असिस्टेंट की दोपहर करीब डेढ़ बजे हिमशिखा की हत्या उसके जुड़वां चाकू से अस्सी से ज्यादा वार किए थे। लिवर, किडनी और चाकू से हमले किए थे। शनिवार की दोपहर पुलिस ने उसे नया पर पुलिस हैरान हो गई। बताया जा रहा है कि वह साइको निगरानी बढ़ा दी और उसे ऐसे स्थान पर रखा गया जो स्थान में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने जेल अफसरों से संपर्क कर विशेष नजर रखने की बात कही है। बताया जा रहा है जेल में उस पर विशेष नजर रखी जा रही है। बंदी और कैदी भी उससे ज्यादा बात नहीं कर रहे हैं और दूरी बनाकर रह रहे हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि बंदी हार्दिक पर विशेष नजर रखी जा रही है। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। यह था पूरा मामला- होली पर घर आए इंजीनियर ने अपनी जुड़वां बहन हिमशिखा (25) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। दोनों भाई बहन गुरुग्राम में एक ही मकान में रहते थे और तीन मार्च को दोनों साथ में होली का त्योहार मनाने आए थे। हिमशिखा एक आईटी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर थी जबकि आरोपी भाई हार्दिक (25) पहले गूगल में काम करता था लेकिन एक साल पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी और यूट्यूबर बन गया था। शुक्रवार को दोनों वापस जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उनके बीच विवाद हो गया। दूसरे समुदाय की लड़की से शादी करना चाहता था हार्दिक- हार्दिक अपनी मां की भी हत्या करना चाहता था इसलिए वह उन्हें बहाना बनाकर उनके ऑफिस से घर ले आया और हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आस-पड़ोस के लोग इकट्ठा हुए तो वह कार लेकर भाग गया। घटना के मूल में बताया जा रहा है कि हार्दिक पुणे निवासी एक दूसरे समुदाय की लड़की से शादी करना चाहता था लेकिन उसकी मां और बहन तैयार नहीं थीं। गुरुग्राम में रह रहे थे जुड़वां बेटे और बेटी- एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि बदायूं जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के जोगीपुरा निवासी नीलिमा अपने पति के साथ 1990 में मुरादाबाद आकर बस गई थीं। अभी करीब दो साल से वह बुद्धि विहार सेक्टर दो में गणेश पार्क के सामने किराये के मकान में रह रहीं थीं। उनके जुड़वां बेटे और बेटी हरियाणा के गुरुग्राम में रह रहे थे। आईटी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर तैनात थी हिमशिखा- बेटी हिमशिखा बीबीए करने के बाद आईटी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर तैनात थी और एमबीए कर रही थी, जबकि बेटा हार्दिक बीटेक करने के बाद पहले गूगल में नौकरी करता था लेकिन एक साल से वह नौकरी छोड़ने के बाद यूट्यूबर हो गया था। घायल नीलिमा ने पुलिस को बताया कि होली से एक दिन पहले ही भाई बहन घर आए थे। अपनी मां व बहन से नाराज था हार्दिक- हार्दिक पुणे निवासी दूसरे समुदाय की एक लड़की से प्रेम करता है और उससे शादी करना चाहता था। नीलिमा और उसकी बेटी हार्दिक की शादी के लिए तैयार नहीं थीं। इसी बात को लेकर हार्दिक अपनी मां व बहन से नाराज था। कंबल में बांध दिया बहन का शव- शुक्रवार को बहन-भाई को हरियाणा वापस जाना था, लेकिन मां के ऑफिस से वापस लौटने से पहले ही हार्दिक ने चाकू से गोदकर बहन हिमशिखा की हत्या कर दी। उसकी गर्दन, चेहरे और शरीर पर चाकू से हमले किए और कंबल में उसका शव बांध दिया। इसके बाद गेट बाहर से बंद कर दिया और मां को लेने ऑफिस पहुंच गया। उसने मां से कहा कि उन्हें हरियाणा अभी जाना है, इसलिए घर चलो। वह अपनी मां को ऑफिस से घर ले आया। बेटी की हत्या से अंजान मां ने जैसे ही घर में कदम रखा तो हार्दिक ने गेट बंद कर लिया।

# डॉक्टर की कमी तो कहीं सीमित संसाधनों में चिकित्सा व्यवस्था

मुरादाबाद । सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानने के लिए अमृत विचार की टीम ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को लगने वाले आरोग्य मेले की पड़ताल की। इस दौरान कुछ केंद्रों पर सीमित संसाधनों के बावजूद मरीजों को न होने से इलाज प्रभावित हो रहा था। एलटी बजे नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारबालान मरीज इलाज और परामर्श के लिए केंद्र पर पर फार्मासिस्ट कुलदीप कुमार, स्टाफ नर्स कार्य में लगे थे। डॉक्टर मोनू ने बताया कि कारण जांच प्रभावित होता है। बताया कि टेक्निशियन सप्ताह में केवल सोमवार और दिनों में जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं कुलदीप कुमार ने बताया कि केंद्र पर सैनेटरी



उपचार किया जाता रहा तो कहीं कहीं डॉक्टरों की स्थाई तैनाती न होने से प्रभावित होता है जांच संबंधी कार्य- दोपहर 1:40 में डॉक्टर मोनू मरीजों को परामर्श दे रहे थे। इस समय तक 47 पहुंच चुके थे। आरोग्य मेले में आए मरीज दवाएं ले रहे थे। केंद्र शमशीदा, वार्ड आया ममता और चतुर्थ श्रेणी कर्मी गजेंद्र अपने केंद्र पर स्थायी लैब टेक्निशियन की नियुक्ति नहीं है, जिसके पास के एक अन्य नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लैब शुक्रवार को यहां आकर मरीजों की जांच करते हैं। ऐसे में अन्य मिलती जिससे मरीजों को असुविधा होती है। वहीं, फार्मासिस्ट पैड का स्टॉक भी सीमित रह गया है। वर्तमान में सिर्फ 30 पैकेट बचे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसकी डिमांड भेजकर नया स्टॉक मंगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। चार साल से डॉक्टर की नियुक्ति नहीं- दोपहर 2:15 बजे नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाड़ीखाना में स्थिति अलग रही। केंद्र पर पिछले चार वर्षों से किसी भी डॉक्टर की स्थायी नियुक्ति नहीं हुई है। रविवार को आरोग्य मेले के चलते डॉक्टर केशव राणा मरीजों को देखने के लिए पहुंचे थे। केंद्र पर फार्मासिस्ट संजीव कुमार, लैब टेक्निशियन अरुण कुमार, स्टाफ नर्स संजीव, सपोर्टिंग स्टाफ श्रवण और रजनी मौजूद रहे। आरोग्य मेले में आने वाले मरीजों की सहायता करते नजर आए। कर्मचारियों ने बताया कि डॉक्टर की स्थायी नियुक्ति न होने से सामान्य दिनों में मरीजों को दूसरे केंद्रों का रुख करना पड़ता है। आरोग्य मेले के दौरान दोनों केंद्रों पर मरीजों की जांच, परामर्श और दवाओं का वितरण किया जा रहा था, लेकिन संसाधनों और स्टाफ की कमी का असर दिखा।

## संक्षिप्त समाचार

### बढ़ रही गर्मी रबी की फसलों को पहुंचा सकती है नुकसान

मार्च के शुरुआती सप्ताह में तेजी से बढ़ती हुई गर्मी रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। गर्मी बढ़ने से गेहूं और मसूर जल्दी पक जाएगा और गेहूं का दाना छोटा रह जाएगा। चैत्र में ही पारा 33 डिग्री तक पहुंच रहा है। गर्मी इतनी बढ़ गई है कि लोगों को पंखे



चलाकर ही चैन मिल रहा है।कृषि विज्ञान केंद्र धमोरा के कृषि वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह गंगवार बताते हैं कि मार्च के शुरुआती सप्ताह में गेहूं के दाने में दूध पड़ता है। यदि तापमान से ऊपर चला जाए, तो दाना समय से पहले पकने लगता है, जिससे वह छोटा और पिचक जाता है। इसे ही टर्मिनल हीट स्ट्रेस कहा जाता है। फसल अपना जीवन चक्र जल्दी पूरा कर लेती है, जिससे उत्पादन में दस से बीस प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे गेहूं का अच्छा बाजार भाव नहीं मिल पाता है। बताते हैं कि फसल पर बढ़ती गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए फसल पर पोटेशियम नाइट्रेट का स्प्रे करें। पोटेशियम नाइट्रेट फसल के रंध्रों को नियंत्रित करता है और नमी को सूखने से रोकता है। बताते हैं कि पोटेशियम नाइट्रेट का 1 किलो प्रति एकड़ में छिड़काव करें। इससे दाना मोटा होगा और उसमें चमक आ जाएगी। बताया कि इसमें बोरॉन मिलाने से दानों तक पोषक तत्व आसानी से पहुंच जाएंगे। इसे 100 ग्राम प्रति एकड़ पोटेशियम नाइट्रेट में मिलाकर छिड़काव किया जा सकता है।गर्मी के दौरान किसान खेत में नमी बनाए रखें। शाम के समय हल्की सिंचाई करें। इससे मिट्टी का तापमान गिरता है और फसल को ठंडक मिलती है। यदि हवा तेज चल रही हो, तो सिंचाई न करें, अन्यथा फसल गिरने का डर रहता है। हमेशा सुबह 10 बजे से पहले या शाम को 4 बजे के बाद ही स्प्रे करें। - राम किशन सिंह, उप कृषि निदेशक

### मटर प्लांट में अमोनिया गैस का रिसाव, छह महिलाओं कर्मियों की हालत बिगड़ी, अन्य में मची भगदड़

अमरोहा के चुचैला कलां स्थित मटर फ्रोजन प्लांट में अमोनिया गैस का रिसाव होने के बाद कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। घटना में छह महिला कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।चांदपुर मार्ग पर ग्राम चुचैला कलां स्थित मटर फ्रोजन प्लांट में रविवार की दोपहर बाद अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। गैस का रिसाव होते ही प्लांट के भीतर काम कर रहे कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। तमाम कर्मचारी दौड़कर बाहर आ गए। हालांकि छह महिलाओं की हालत बिगड़ गई। प्रबंधन ने महिला कर्मचारियों का चुचैला कलां के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया।घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। चांदपुर मार्ग पर अपराइट इनोवेटिव सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नाम से मटर फ्रोजन प्लांट है। इस प्लांट में मटर के दाने को फ्रीज किया जाता है। रविवार की दोपहर बाद प्लांट से अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। गैस रिसाव होते ही भीतर काम कर रहे कर्मचारियों को सांस लेने में दिक्कत होनी शुरू हो गई।गैस रिसाव होने की जानकारी मिलते ही प्लांट में काम कर रहे कर्मचारी दौड़ कर बाहर आ गए। लेकिन महिला कर्मचारियों को दिक्कत हुई। गैस के प्रभाव में आकर वे बेसुध हो गई। प्रबंधन से जुड़े लोग महिलाओं को लेकर गांव के एक निजी अस्पताल लेकर आए। वहां उनका उपचार कराया गया।प्राथमिक उपचार के बाद महिला कर्मचारियों की हालत में सुधार होने पर प्रबंधन के लोग उनको किसी अज्ञात स्थान पर ले गए। प्लांट में गैस रिसाव की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि प्लांट में गैस के रिसाव की सूचना मिली थी। उसमें दो महिला कर्मचारियों की हालत बिगड़ी थी। प्राथमिक उपचार के बाद तबीयत सही होने पर उनको घर भेज दिया गया है। गैस रिसाव के बाद लोग दहशत में- मटर फ्रोजन प्लांट में गैस रिसाव के बाद सुरक्षा इंतजाम पर सवालिया निशान लगने शुरू हो गए हैं। गनीमत यह रही कि गैस रिसाव के बाद कोई गंभीर रूप से बीमार नहीं हुआ। हालांकि घटना के बाद आसपास के लोग दहशत में दिखाई दिए।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# बरेली बवाल में मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर के करीबी भाई का सरेंडर



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिले में हुए हिंसक बवाल और पुलिस पर फायरिंग के मामले में जांच कर रही टीमों के दबाव का बड़ा असर दिखा है। बवाल के दौरान दंगाइयों को अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के सरगना और हिस्ट्रीशीटर इशरत अली ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। इशरत अली का कनेक्शन सीधे तौर पर इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (IMC) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के करीबियों से जुड़ रहा है, जिससे इस पूरे बवाल के पीछे एक सुनियोजित साजिश की बू आ रही है। तौकीर रजा के करीबी से कनेक्शन- पुलिस की पड़ताल में सामने आया है कि हिस्ट्रीशीटर इशरत अली, मौलाना तौकीर रजा के बेहद खास माने जाने वाले फरहत अली का सगा भाई है। फरहत अली वही व्यक्ति है जिसने बवाल के बाद मौलाना को अपने घर %फाइक इंक्लेव% में शरण दी थी और वह मौलाना के साथ जेल भी जा चुका है। रिमांड पर लेकर होगी पूछताछ- सीओ बहेड़ी, अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इशरत अली की गिरफ्तारी हथियार सप्लाई के मामले में बेहद महत्वपूर्ण है। पुलिस अब उसे कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल करेगी। रिमांड के दौरान उससे यह उगलवाया जाएगा कि बवाल के लिए हथियार खरीदने की फंडिंग किसने की थी और बरेली में किन-किन लोगों को ये अवैध हथियार बांटे गए थे। पुलिस को अंदेशा है कि उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर (किच्छा) के कुछ सफेदपोश लोग भी इस अवैध हथियारों के सिंडिकेट से जुड़े हुए हैं।

# युवक ने सोशल मीडिया पर की भड़काऊ टिप्पणी, रिपोर्ट दर्ज



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। ईरान-इस्राइल युद्ध के बीच बरेली में सलीम अंसारी नाम के युवक ने भड़काऊ टिप्पणी की है। उसने भड़काऊ टिप्पणी करते हुए सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर रील डाली थी। इस पर हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने गुस्सा जताते हुए एक्स के माध्यम से पुलिस से शिकायत की। इज्जतनगर थाने के एसआई मोहित कुमार ने मामले में धौरेरा माफी निवासी सलीम अंसारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मोहित कुमार के मुताबिक सलीम अंसारी का विवादित वीडियो केवल 12 सेकेंड का है। इसमें वह कह रहा है कि यहूदी और मुसलमानों में जंग चल रही है लेकिन हिंदुस्तान में बैठे...लोग क्यों चिल्ला रहे हैं। पुलिस के मुताबिक इससे समुदाय विशेष की भावनाएं भड़काने की कोशिश की जा रही है।

# गरीब बनकर डकार रहे सरकारी राशन, 40 हजार कार्ड किए निरस्त

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। अपात्र होकर भी पात्र बनकर गरीबों का राशन डकारने वालों के विरुद्ध बड़े स्तर की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। सर्वे कराकर 40 हजार ऐसे लोग चिह्नित किए गए हैं जो राशन लेने के दायरे में नहीं हैं और फर्जी तरह से पात्र बनकर गरीबों का राशन डकार रहे थे। जिले में चिह्नित किए गए 40 हजार राशन कार्ड निरस्त किए जाएंगे। विभाग की तरफ से अब अपात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त कर पात्र लोगों के राशन कार्ड बनाए जाएंगे। इनकम टैक्स जमा करने वाले, कारों में घूमने वाले, जमीन और महंगे मकानों में रहने वाले तमाम लोग भी गरीबों के राशन पर डाका डाल रहे हैं। आयकर, कृषि और परिवहन विभाग की तरफ से डाटा आने के बाद आपूर्ति विभाग अलर्ट हो गया है। जिले में करीब 40 हजार ऐसे राशन कार्डधारक है जो अपात्र होने के बाद भी राशन ले रहे हैं। विभाग की तरफ से अब ऐसे कार्डधारकों के नाम काटने की तैयारी की जा रही है। नए राशन कार्ड बनाने पर लंबे समय से रोक लगी है, अब अपात्र लोगों के कार्ड निरस्त करके पात्र लोगों के राशन कार्ड बनाए जाने की तैयारी की जा रही है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# जनगणना-2027 के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 मार्च से

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / भारत की जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत जनपद में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण बेन-हर गुरुकुल, टनकपुर रोड पर दो चरणों में आयोजित होगा, जिसमें जनपद स्तर पर चयनित 72 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सूचना विभाग के अनुसार पहला बैच 10, 11 और 12 मार्च 2026 तथा दूसरा बैच 13, 14 और 16 मार्च 2026 को सुबह 9 बजे से प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। जनगणना निदेशालय से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण देंगे, जो आगे प्रगणकों और सुपरवाइजरों को जनगणना कार्य के लिए प्रशिक्षित करेंगे। जनगणना का कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। पहले चरण में 22 मई से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना होगी, जबकि दूसरे चरण में 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या और जातीय गणना की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह करेंगे। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला सूचना अधिकारी तथा नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# पीलीभीत में महिला जनसुनवाई: 12 शिकायतों पर सुनवाई, 55 महिलाओं को किया गया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती पुष्पा पांडेय और श्रीमती सुनीता सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन स्थित गोमती सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद और मारपीट से जुड़ी कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। आयोग की सदस्यों ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता चौपाल आयोजित कर सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने को कहा। इससे पूर्व जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद पुष्प इंस्टीट्यूट, बनकटी रोड में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय और सुनीता सैनी ने भाग लिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और उन्हें हाइजीन व एजुकेशन किट देकर पुरस्कृत किया गया। संस्थान की पांच टॉपर बालिकाओं को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' लोगो युक्त बैग प्रदान किए गए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारियों, अध्यापिकाओं, महिला प्रधानों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम, पुलिस कांस्टेबल और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित कुल 55 महिलाओं को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' लोगो वाली घड़ी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा की उपाध्यक्ष रेखा परिहार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूनम गंगवार, पुष्प इंस्टीट्यूट की प्रबंधक रचना भटनागर, प्रधानाचार्य गीतिका शुक्ला और अनुज भटनागर उपस्थित रहे। इस मौके पर सुनीता सैनी ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वहीं पुष्पा पांडेय ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला और पुरुष दोनों समान हैं और दोनों को बराबरी का अधिकार है। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी पाठक ने किया, जबकि अंत में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# डेंगू-मलेरिया से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क, फर्जी अस्पतालों व झोलाछाप डॉक्टरों पर होगी सख्त कार्रवाई



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि आगामी ऋतु परिवर्तन को देखते हुए जनपद में डेंगू, मलेरिया सहित अन्य वेक्टर जनित बीमारियों से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जाएगा। लोगों को घरों और आसपास साफ-सफाई रखने, पानी जमा न होने देने तथा मच्छरों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए अभियान चलाया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि डेंगू और मलेरिया से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। प्रभावित क्षेत्रों की मैपिंग कर वहां विशेष बचाव और नियंत्रण उपाय किए जाएंगे तथा लोगों को मच्छरदानी के अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अप्रैल 2026 में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को बीमारियों से बचाव की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा जनपद में रेबीज नियंत्रण के लिए एआरवी वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है और सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि फर्जी अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अधोमानक और नकली दवाओं की बिक्री के खिलाफ भी प्रवर्तन कार्रवाई जारी है।

# अमृत सेवा संकल्प संस्था का वार्षिक कार्यक्रम 'शक्ति सम्मान 11 मार्च को




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। अमृत सेवा संकल्प संस्था द्वारा वार्षिक कार्यक्रम शक्ति सम्मान आयोजन 11 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से आई.एम.ए. कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगा। यह जानकारी संस्था की पदाधिकारी ने एक प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बरेली के मेयर डॉ. उमेश गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी।संस्था के अनुसार अमृत सेवा संकल्प वर्ष 2025 में स्थापित एक पंजीकृत सामाजिक संस्था है, जिसका उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों को सहयोग प्रदान करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। संस्था विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रही है और समाज में उन महिलाओं को आगे लाने का प्रयास कर रही है जो अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए कड़ी मेहनत करती हैं, लेकिन उन्हें समाज में उचित पहचान नहीं मिल पाती। शक्ति सम्मान 2026 कार्यक्रम के तहत मेहनती और संघर्षशील महिलाओं को सम्मान पत्र और सम्मान देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के परिश्रम, साहस और आत्मनिर्भरता को मंच प्रदान करना और समाज में उनके योगदान को सम्मानित करना है।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के महानगर अध्यक्ष मनीष, जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल तथा संरक्षक डॉ. पवन सक्सेना द्वारा महिला इकाई की महानगर अध्यक्ष के रूप में अंकिता भाटिया को भी सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना,संघर्षरत और मेहनती महिलाओं को सम्मानित करना, संस्था के सामाजिक कार्यों को समाज तक पहुंचाना तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित करना है।

# फ़ूड विभाग की मिली भगत से चल रहा है मिलावट का खेल, शहर से देहात तक मिलावट खोरों का सिंडीकेंट बरकरार

♦ अधिक मुनाफे के लिए आम जन जीवन से खिलबाड़



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग मिलावट खोरों पर अंकुश लगाने के लिए तमाम प्रयास कर रहा है लेकिन मिलावट खोरी का सिंडीकेंट तोडने में सफल नहीं हो पा रहे है। कम लागत में अधिक मुनाफे के खेल मॅलोगों के स्वास्थ्य से खिलबाड़ किया जा रहा है। इससे प्रतीत होता है कि इसमें खाद्य विभाग की मिली भगत से मिलावट खोर फल फूल रहे हैं। बताते चलें से ऐसी कोई खाद्य सामिग्री अछूती नहीं रह गई है जिससे मिलावट का अंश शामिल न किया गया हो। एफएसडीए के छापेमार अभियान में सैपिल लेकर लैव में जांच के लिए भेजे जाते है जांच रिपोर्ट आने में कई कई महीने लग जाते है जब तक कारोबारी खाद्य- सामिग्री ग्राहकों को बेचने में सफल हो जाते है। जांच रिपोर्ट में अधोमानक पाए जाने पर एडीएम न्यायालय में वर्षों तक अटके रहते है। जिस कारण कारोबारी मिलावट का सामान बेचने से गुरेज नही करते है। जिले भर में मिलावटखोरी का जाल फैला हुआ है। मिलावटखोरी में नामचीन कारोबारी भी शामिल- खाद्य सामिग्री में मिलावट केखेल में छोटे कारोबारी ही नहीं बड़े बड़ेनामचीन कारोबारी भी शामिल हो रहे है। बेहतर गुणवत्ता की पहचान बताकर महंगा बेचने के साथ उसमें भी मिलावट का खेल खेला जाता है। पिछले महीने एफएसडीए की रिपोर्ट में कई प्रतिष्ठित कारोबार की हकीकत सामने आयी थी। मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य खराब शहर से देहात तक खाद्य तेल, मसाले, नमकीन, बनस्पति में मिलावट का खेल जारी है। पैकिट बन्द के बजाए खुले में खाद्य तेल की बिक्री खुलेआम की जा रही है जबकि प्रतिबंधित है। गली मोहल्लों की किराना दुकानों केसाथ मुख्य बाजारों में भी दुकानों पर भी मिलावटी सामान की बिक्री खुलेआम की जा रही है। कम लागत में अधिक मुनाफे केलिए लोगों की सेहत से हर दिन खिलबाड़ किया जा रहा है जबकि विभागीय अफसर अभियान चलाकर सैपिल लेकर खानापूर्ति करने में लगे रहते है।

# अग्निवीर अभ्यर्थियों के लिए प्रशासन की व्यापक तैयारी अस्थायी शेल्टर होम बनाए गए



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। जाट रेजिमेंट केंद्र में 11 से 19 मार्च तक चलने वाली इस भर्ती रैली में रुहेलखंड क्षेत्र समेत आसपास के करीब दर्जनभर जिलों से प्रतिदिन हजारों युवाओं के पहुंचने की उम्मीद है। युवाओं की भारी संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन और नगर निगम ने उनके ठहरने और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है। प्रशासन का प्रयास है कि भर्ती में शामिल होने आने वाले अभ्यर्थियों को शहर में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर नगर निगम ने शहर में छह स्थायी और पांच अस्थायी शेल्टर होम तैयार किए हैं। इन शेल्टर होम में एक साथ सैकड़ों अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने अलग-अलग अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय कर दी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि भर्ती रैली के दौरान सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाए। अस्थायी शेल्टर होम शहर के कई प्रमुख स्थानों पर बनाए गए हैं। इनमें बाकरगंज, सैदपुर हॉकिंस, बदायूं रोड, पटेल चौक और चौपुला चौराहा शामिल हैं, जहां बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए रुकने के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा पुराना रोडवेज बस स्टैंड, हरूनगला, छोटी बिहार, सेटेलाइट बस स्टैंड, डेलापीर मंडी और प्रेमनगर क्षेत्र के स्थायी शेल्टर होम को भी भर्ती रैली के मद्देनजर तैयार किया गया है। इन स्थानों पर दूर-दराज से आने वाले युवाओं को सुरक्षित और व्यवस्थित ठहरने की सुविधा दी जाएगी। नगर निगम की टीमें साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी कर रही हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली में आने वाले युवाओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकें। कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि भर्ती के लिए आने वाले युवाओं को बेहतर और सकारात्मक माहौल उपलब्ध कराया जाए।

# मतदाता सूची से नाम हटाने के फर्जी आवेदन का मामला सामने आया

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र 127 के ग्राम भिखारीपुर स्थित बूथ संख्या 233 पर मतदाता सूची से नाम विलोपन को लेकर विवाद सामने आया है। आरोप है कि ग्राम रोहतनिया निवासी धीरज कुमार ने 53 लोगों के नाम से ऑनलाइन फॉर्म-7 भरकर विलोपन के लिए आवेदन कर दिया। बताया गया कि जब बीएलओ सचेंद्र पाठक ने बूथ संख्या 233 पर घर-घर जाकर जांच की तो सभी 53 लोग ग्राम भिखारीपुर में स्थायी रूप से निवास करते पाए गए। इसके बाद मामले की जानकारी समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सतेन्द्र कुमार मौर्य को दी गई। सूचना मिलने पर सतेन्द्र मौर्य मौके पर पहुंचे और संबंधित लोगों से संपर्क कर उन्हें बूथ पर बुलाया। इस दौरान करीब 28 से 30 लोग मौके पर पहुंचे और अपने नाम से किए गए विलोपन आवेदन की शिकायत की। उन्होंने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही सतेन्द्र मौर्य ने चुनाव आयोग से मांग की है कि जब 6 मार्च 2026 से ऑफलाइन फॉर्म नंबर 6, 7 और 8 बंद कर दिए गए हैं, तो ऑनलाइन माध्यम से भी इन फॉर्मों को बंद किया जाए ताकि इस तरह की शिकायतें सामने न आएं।

## थाना पिछोर पुलिस द्वारा अंधे कत्ल का खुलासा करते हुये हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार।

### आपसी रन्जिस के चलते जंगल मे ले जाकर पत्थर पटक कर की थी हत्या।




क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी/पिछोर। एक अज्ञात मृतक का शव जिसकी किसी अज्ञात आरोपी द्वारा पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी जो कटाई वाला नाला, चाली की डांग, मौजा कछीआ में जामुन के पेड़ के नीचे पड़ा हुआ मिला उक्त शव की पहचान बाबूलाल आदिवासी निवासी रुपनवारा थाना पिछोर द्वारा अपने पुत्र सोनू आदिवासी के रुप में की थी, बाबूलाल आदिवासी की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना पिछोर में अपराध क्र. 102/26 धारा 103 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री संजीव मुले के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना पिछोर पुलिस द्वारा तत्काल जांच प्रारंभ कर घटनास्थल निरीक्षण, साक्षियों से पूछताछ एवं अन्य साक्ष्य एकत्र किए गए। विवेचना के दौरान संदेह एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर अतर सिंह पुत्र छीता आदिवासी उम्र 32 साल नि. काछीपुरा नांद थाना पिछोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा घटना करना स्वीकार किया गया। आरोपी ने बताया कि उसका मृतक सोनू आदिवासी से पूर्व से विवाद एवं रंजिश चल रही थी। दिनांक 04.03.2026 की रात्रि में दोनों द्वारा साथ बैठकर शराब पी गई थी, जिसके बाद आरोपी अतर सिंह मृतक सोनू को मोटर साइकिल से कटाई वाला नाला, चाली की डांग की ओर ले गया और जामुन के पेड़ के नीचे पड़े पत्थर से उसके सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी थी जो बाद घटना के फरार हो गया था जिसे आज दिनांक 09.03.26 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। सराहनीय भूमिका - निरीक्षक नीतू सिंह, उनि रामकिशोर जोशी, सउनि जहान सिंह, सउनि परमाल सिंह, सउनि जितेंद्र यादव, आरक्षक 425 धर्मेंद्र लोधी, आरक्षक 1054 हाकिम सिंह, आरक्षक 362 जितेंद्र सिंह, आरक्षक 130 अंकित सिंह एवं आरक्षक 595 रामअवतार राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

### एसडीएम ने ली पटवारी एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों की समीक्षा बैठक

## सीएम हेल्पलाइन, राजस्व वसूली, पीएम किसान ई केवाईसी के कार्यों को समय सीमा में निराकरण करने के दिये निर्देश




क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी।कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व ममता शाक्य द्वारा सोमवार को दो पालियों में पिछोर एसडीएम कार्यालय में पटवारी एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों की एक समीक्षा बैठक ली। पिछोर तहसील की बैठक प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तथा खनियाधाना की दोपहर 2 बजे से अपराह्न 4 बजे तक ली गई। समीक्षा बैठक के दौरान एसडीएम श्रीमती शाक्य द्वारा भूमि स्वामियों की फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली, पीएम किसान ईकेवाईसी, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों सहित तथा मुख्यमंत्री सहित अन्य शासकीय पत्रों तथा टीएल एवं जनसुनवाई आदि के पत्रों के निराकरण हेतु सभी पटवारी तथा राजस्व के कर्मचारियों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व की वसूली शत प्रतिशत जमा कराई जाए एवं जहां भी सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतें हैं उन शिकायतों का शीघ्र ही निराकरण करायें, कोई भी शिकायत लंबित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने किसानों की फार्मर आईडी के कार्य को गंभीरता से लेते हुए पूर्ण करने को कहा। इसके साथ-साथ उन्होंने मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, टीएल तथा जनसुनवाई में आए हुए पत्रों के निराकरण करने के संबंध में भी निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चेदानी में गर्भाशय में कैंसर ना हो जिसके लिए एसपीव्ही नाम की वैक्सीन लगाई जा रही है यह एक सिंगल डोज है जो सिर्फ एक बार ही लगाई जाती है, जिसमें छात्रा की उम्र 14 वर्ष की हो तथा 15 वर्ष में लगी ना हो ऐसी बच्चियों के लिए ये एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। जिसका डाटा तैयार कर डॉक्टर को लगाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर संजीव वर्मा, तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, खनियाधाना प्रभारी तहसीलदार निशिकांत जैन, नायब तहसीलदार रामनरेश आर्य, मधुसूदन पाठक सहित पटवारी एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

### संक्षिप्त समाचार

## मध्यम वर्गीय किसान की बेटी बनी आई ए एस, नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



क्यूँ न लिखूँ सच/ हाकम सिंह रघुवंशी/ विदिशा जिले की नटेरन तहसील के छोटे से ग्राम ज़ोहद की है प्राची चौहान बेटी से मिलकर पिता हुए भावुक बताया ईश्वर का चमत्कार यूपीएससी में गांव की बेटी प्राची चौहान ने 260 रैंक प्राप्त कर ग्राम साहित जिले का नाम किया रोशन धनबाद एक्सप्रेस से गंज बासौदा रेलवे स्टेशन पर परिजनों समाजजनों सहित क्षेत्र वासियों ने किया भव्य स्वागत खुली जीप में मुख्य मार्गो से निकाला जुलूस ग्राम वासी एवं समस्त क्षेत्र वासियों द्वारा उन्हें बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की शुभकामना देने वालों में ग्राम जोहद से नवल सिंह रघुवंशी काशीराम रघुवंशी दशरथ सिंह राजपूत सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रवासियों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

## ईंटों वाली धर्मशाला आलमगिरिगंज में होली मिलन एवं महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। होली मिलन एवं महिला दिवस के अवसर पर आलमगिरिगंज स्थित ईंटों वाली धर्मशाला में रंगारंग कार्यक्रम एवं नृत्य, लोकगीत का आयोजन सभासद मुकेश सिंघल द्वारा कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अरूण कुमार सक्सेना वन एवं पर्यावरण मंत्री उत्तर प्रदेश शासन ने उपस्थित लोगों को होली की बधाई दी एवं त्योहार को प्रेम एवं सदभावना से मनाने पर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महिला दिवस पर उन्होंने महिलाओं को देश की उन्नति में योगदान पर भी प्रकाश डाला। नृत्य और लोकगीतों ने माहौल में आनंद भर दिया। कार्यक्रम के संचालन में सभासद मुकेश सिंघल के साथ उनकी धर्मपत्नी मीनू सिंघल ने भी सहयोग किया। अन्य सहयोगियों में मोनिक शर्मा, गुंजन अग्रवाल, निमिशा, शिखा बंसल, पारूल, सुनीति, रश्मि, निकेता, नम्रता आदि का सहयोग रहा।

## बरेली में दर्दनाक हादसा: बाल्टी के पानी में डूबकर मासूम की मौत, गांव में तलाशते रहे परिजन, बाथरूम में मिला शव

बरेली के गांव ठिरिया कल्यानपुर से दर्दनाक घटना सामने आई। यहां 15 महीने का मासूम बच्चा खेलते समय पानी भरी बाल्टी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जब परिजन बाथरूम में पहुंचे तो उसका शव देख चीख-पुकार मच गई। बरेली के दुनका क्षेत्र के गांव ठिरिया कल्यानपुर में पानी भरी बाल्टी में डूबकर 15 महीने के मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना रविवार शाम उस वक्त हुई, जब मासूम बाल्टी के पास खेल रहा था। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।ठिरिया कल्यानपुर निवासी इंतजार अहमद ने बताया कि रविवार को परिवार के सभी लोगों ने रोजा रखा था। शाम के वक्त सभी लोग रोजा इफ्तार रहे थे। उनका 15 महीने का बेटा याशर घर के आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान वह बाथरूम में पानी भरी बाल्टी के पास पहुंच गया और पानी से खेलने लगा।गांव में तलाशते रहे, बाथरूम में मिला शव

किसी तरह वह औंधे मुंह बाल्टी में गिर गया। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। परिवार के लोग काफी देर तक गांव में बच्चे की तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। जब परिजन ने घर के बाथरूम में जाकर देखा तो मासूम याशर बाल्टी में मृत मिला। बच्चे का शव देखकर घर में चीख-पुकार मच गई। उसकी मां फरीन का रो-रोकर बुरा हाल है। याशर दो बच्चों में सबसे छोटा था। सोमवार को सुबह बच्चे को सुपुर्द खाक कर दिया गया।

## 14 मार्च को बरेली में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, 11 से 13 मार्च तक विशेष लोक अदालत का आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली के तत्वावधान में आगामी 14 मार्च 2026 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया जाएगा। अपर जिला जज एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी उमा शंकर कहार ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते और सहमति के आधार पर किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से लघु प्रकृति के वाद, चलानी वाद, 138 एनआई एक्ट के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से जुड़े मामले तथा बैंक लोन संबंधी विवादों का निपटारा किया जाएगा। इससे पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिलने के साथ समय और धन दोनों की बचत होगी। 11 से 13 मार्च तक विशेष लोक अदालत- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर सिविल जज (सी.डी.) जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले 11 मार्च से 13 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इस विशेष लोक अदालत में मुख्य रूप से लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी न्यायालयों द्वारा लघु आपराधिक मामलों का चयन कर लिया गया है, जिनका विशेष लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आम जनता से अपील की गई है कि वे विशेष लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण कराएं, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र समाधान हो सके। प्राधिकरण के सचिव ने यह भी बताया कि लोक अदालतों को सफल बनाने के लिए जनपद में लगातार प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्राधिकरण द्वारा नामित पराविधिक स्वयंसेवकों को विभिन्न तहसीलों, ब्लॉकों और शहरी क्षेत्रों में नियुक्त किया गया है, ताकि आम जनता को लोक अदालत की जानकारी दी जा सके और उन्हें अपने मामलों के निस्तारण के लिए प्रेरित किया जा सके।

## राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज मानहानि केस में अब 12 अप्रैल को सुनवाई; कोर्ट ने बंधपत्र दाखिल करने को कहा



अमित शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी पर दर्ज मानहानि केस में अब 12 अप्रैल को सुनवाई होगी। कोर्ट ने बचाव पक्ष को बंधपत्र दाखिल करने का आदेश दिया। गृहमंत्री अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ सुल्तानपुर में दायर मानहानि केस में 12 अप्रैल को बहस होगी। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने सोमवार को बहस से बचाव पक्ष को पहले बंधपत्र दाखिल कराने का आदेश दिया है।सांसद राहुल गांधी के अधिवक्ता ने कोर्ट से कहा कि, उन्हें सफाई साक्ष्य नहीं देना है। इसके बाद कोर्ट ने बहस के लिए 12 अप्रैल की तिथि तय करके बचाव पक्ष को बंधपत्र दाखिल कराने का आदेश दिया है। परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता ने बताया कि राहुल गांधी पर वर्ष 2018 में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बेंगलुरु में आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप है। मामले में राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने मानहानि का परिवाद दायर किया था। गवाहों के बयान व अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने 27 नवंबर 2023 को राहुल गांधी को विचारण के लिए अदालत में तलब किया था। राहुल गांधी कोर्ट में हाजिर होकर अपनी जमानत करा चुके हैं। उनका बयान दर्ज हो चुका है।

## शादी न हो पाने से आहत प्रेमी युगल ने खाया जहर, नाबालिग प्रेमिका की मौत



शाहजहांपुर के खुटार क्षेत्र में शादी न हो पाने से आहत प्रेमी युगल ने जहर खा लिया। इससे नाबालिग प्रेमिका की मौत हो गई। प्रेमी युवक का उपचार चल रहा है। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने गांव में पहुंचकर जांच पड़ताल की। शाहजहांपुर के खुटार में छह मार्च को घर से जाने के बाद वापस आने पर प्रेमी ने जहर खा लिया। इसकी जानकारी मिलने पर प्रेमिका ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। लड़की मौत हो गई है, जबकि प्रेमी का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लड़की के नाबालिग होने और दूसरी जाति से होने के चलते ही दोनों ही परिवार शादी के पक्ष में नहीं थे।खुटार क्षेत्र के एक गांव के युवक का 17 वर्षीय किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों छह मार्च की रात घर से चले गए थे। पिता ने सात मार्च को युवक और उसके पिता पर नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। जानकारी होने पर किशोरी प्रेमी युवक के साथ सात मार्च को ही घर लौट आई थी। रिपोर्ट दर्ज होने का पता चलने पर आठ मार्च को युवक ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक का इलाज चल रहा है।हालत बिगड़ने पर परिवार को लगा पता - उधर जानकारी होने पर किशोरी ने सोमवार सुबह जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने किशोरी से पूछताछ की तो उसने जहर खाने के बारे में बताया। इलाज के लिए ले जाने की तैयारी के दौरान ही किशोरी ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस गांव पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पिता ने बताया कि सात मार्च को लड़की वापस घर आ गई थी। आरोपी भी अपने घर आ गया था। नौ मार्च को वह लड़की को लेकर थाने आ रहे थे, लेकिन लड़की ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

किशोरी के पिता ने युवक पर दर्ज कराई थी रिपोर्ट सूचना पाकर सीओ प्रवीण मलिक भी मौके पर पहुंचे और किशोरी के परिजनों से पूछताछ की। शाहजहांपुर से पहुंची फील्ड यूनिट टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता ने युवक पर किशोरी को ले जाने और युवक के पिता पर लड़की को गायब कराने में सहयोग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच की रही थी। सोमवार को जानकारी मिली कि लड़की की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। सीओ पुवायां प्रवीण मलिक ने बताया कि फील्ड यूनिट को बुलाकर जांच कराई गई है। मैंने भी मौका मुआयना किया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# Garlic Palak Paneer will make you lick your fingers! Learn the secret to the dhaba-like taste here.

Adding sugar to spinach while boiling and then immediately plunging it into ice water keeps it green. The very mention of Palak Paneer makes one's mouth water. But when it comes to highway dhaba-style 'Garlic Palak Paneer,' it's something else entirely. That vibrant green color, the fragrant aroma of desi ghee, and the crunchy garlic tadka... just the thought of it doubles the appetite. We often try to make it at home, but the constant complaint is that it doesn't achieve that magical dhaba-style flavor. Today, we're going to share the secret that will make your Palak Paneer taste just like the dhaba-style one. What's the real secret of the dhaba-style palak paneer? The secret to the dhaba-like taste lies primarily in two things: adding a little sugar to the water while boiling the spinach and plunging it into ice-cold water immediately after boiling. This prevents the spinach from darkening and keeps it bright green. The true garlic flavor comes from the 'desi ghee and garlic tempering' that's applied after the vegetable is cooked. Ingredients for making Lahsuni Palak Paneer: Spinach: 1 large bundle (thoroughly washed) Paneer: 200 grams (diced) Garlic: 15-20 cloves (finely chopped - this is the heart of this dish) Onion: 1 large (finely chopped) Tomato: 2 (crushed or grated) Green chilies: 2 (finely chopped) Ginger-garlic paste: 1 teaspoon Dry spices: Turmeric, red chili powder, coriander powder, garam masala (half a teaspoon each) Whole spices: 1 teaspoon cumin seeds and 2 dried red chilies Other: Fresh cream or malai (2 tablespoons), desi ghee, oil, and salt to taste Method for making Lahsuni Palak Paneer: Boil water in a vessel. Add half a teaspoon of sugar and the washed spinach. After just 2 minutes, remove the spinach and immediately plunge it into ice-cold water. Once cooled, grind it finely in a mixer. Heat 2 tablespoons of oil and 1 tablespoon of ghee in a pan. Fry cumin seeds, then add finely chopped onions and green chilies, and fry until golden. Add ginger-garlic paste and fry for 1 minute. Add tomato paste and all the dry spices (turmeric, red chili, coriander powder, and salt). Fry the spices until they begin to release oil from the sides. Add the chopped spinach to the pan and mix well with the spices. Cover and cook over low heat for 5 to 7 minutes. Add the paneer pieces, garam masala, and homemade fresh cream, mixing gently to prevent the paneer from breaking. Cook for 2 minutes more and then turn off the heat. Heat 2 tablespoons of ghee in a small pan (tadka pan). Add plenty of finely chopped garlic and 2 dried red chilies. Once the garlic turns golden and crispy, pour this tempering directly over the spinach paneer.




# The claim was 'drug-free,' but the reality was something else! A shocking report on the changing habits of Gen-Z

According to a study by the UCL Centre for Longitudinal Studies, addiction to alcohol, hard drugs, and vaping has risen sharply among 23-year-olds. 68% of 23-year-olds engage in binge drinking. Hard drug use has tripled to 32%, and daily vaping has reached 19%. It is often believed that today's younger generation, Gen-Z, is more sensible than older generations and stays away from things like alcohol and drugs. They have even been labeled 'Generation Sensible,' but recent research has proven this notion completely wrong. According to a recent report from the UCL Centre for Longitudinal Studies (CLS), addiction to alcohol, drugs, and vaping is rapidly increasing among young people in their late teens and early 20s. The study analyzed data from nearly 10,000 young people in the UK who were part of the Millennium Cohort Study, born between 2000 and 2002. Researchers compared these young people's habits at 17 and 23 years old: Increasing alcohol addiction: Nearly 63% to 68% (7 out of 10) of 23-year-olds admitted to binge drinking in the past year. Binge drinking means drinking six or more drinks at a single time. At 17, only 10% of young people reported doing so monthly, rising to 29% by 23. Dangerous addiction to hard drugs: While 31% of youth used cannabis at age 17, this figure increased to 49% by age 23. Most worryingly, the number of people who had tried dangerous "hard drugs" like cocaine, ketamine, and ecstasy jumped from 10% to 32% (more than tripling). A massive surge in vaping: While the number of cigarette smokers remained relatively stable (8% to 9%), the number of people who vaped daily jumped from 3% to 19%. Gambling: By age 23, approximately 32% of youth admitted to gambling. However, the relief is that only 4% of these individuals were seriously addicted. Experts are issuing a major warning: Dr. Aase Villadsen, lead author of the study, says this research refutes claims that Gen Z drinks less alcohol. He believes that the period from adolescence to adulthood is a time for experimentation, but if it becomes a long-term habit, the risks increase significantly. He also pointed out that gambling and hard drug addiction are nearly seven times more common among young men than women. Dr. Catherine Savory, Chief Executive of the Institute for Alcohol Studies, warns that the brain continues to develop until the mid-20s. In such a situation, the impact of alcohol on young people can be very dangerous. He blames not only young people but also the university environment and alcohol marketing for this growing addiction. According to him, the following are: The cheapness and ease of availability of alcohol; the sponsorship of alcohol companies at campus events or sports clubs. Dr. Savory clearly states that universities' responsibility is to provide a safe environment for students, not to compromise their health by forming business relationships with alcohol companies.




# No gym, no diet hassles! These 5-minute habits are real game-changers for busy women.

This International Women's Day, why not give yourself a small gift of time instead of expensive gifts? Start your day with 5 minutes of stretching in the morning. Take 5 minutes of "me-time" between work - 5 minutes of planning the night before makes the morning easier. Household responsibilities, office deadlines, kids' school buses... a woman's entire day flies by in the middle of it all. When it comes to fitness or self-care, the answer is often the same: "I just don't have time!" But what if you don't have to sweat it out for hours at the gym to look fit, relaxed, and beautiful? If you're also stressed out by your busy life, all you need to do is steal a few "5 minutes" of your day. Let's learn about five small habits that are nothing short of magical for your hectic life. 5-minute stretching in the morning - Break the habit of checking your phone or getting out of bed as soon as the alarm rings. Give yourself five minutes to your body after waking up. While sitting in bed, lightly stretch your arms, neck, and waist. This small habit awakens your muscles, increases blood flow, and gives you tremendous energy for the whole day. 5-minute hydration - Before heading to the kitchen and putting on a pot of tea, take five minutes to drink a glass of lukewarm water. You can add a little lemon or fennel to it if you like. After a night's rest, the body desperately needs water. This five-minute exercise will flush out all the impurities from your body and keep your digestion in perfect condition without any diet. 5-minute 'me-time' in between work - Whenever you feel like the work has become too much or the stress is increasing, leave everything and take a 5-minute break. Close your eyes and take 10 long, deep breaths. You can do this on your office chair or in the kitchen. This 5-minute pause acts as a 'reset button' for your mind, instantly removing your anger and fatigue. 5-minute skincare routine at night - After a long day of dust, sweat, and work fatigue, your skin needs love too. Take just 5 minutes right before bed - wash your face thoroughly, apply toner, and apply a good moisturizer or serum. This isn't just a beauty routine, but a way to make yourself feel like you matter. 5-minute planning for tomorrow - Is your biggest worry upon waking up in the morning "What should I cook for dinner?" or "Which dress should I wear?" To alleviate this tension, take 5 minutes before going to bed to make a short list. Plan the next day's important tasks, the kids' lunch, or your clothes the night before. Believe me, this will eliminate 50% of your morning rush and mental stress. These 5 minutes may sound very small, but when you make them a part of your daily routine, their effect is nothing less than miraculous.



# "Giving women their space..." Director of "Jai Hind Jai Sindh" shares heartwarming insights on feminism

Famous filmmaker Indrajit Lankesh will soon present his new Hindi film, "Jai Hind Jai Sindh." The director, who launched Deepika Padukone, recently stated that his goal has always been to empower women and give them equal opportunities as men. Director Indrajit Lankesh's new film, "Jai Hind Jai Sindh," advocates for equal respect and opportunities for women. Director Indrajit Lankesh, who has titled many of his films after women, believes that women deserve equal space and respect. Kannada cinema has established a strong pan-India presence over the past few years, and renowned director Indrajit Lankesh is now preparing to tell another story. His upcoming film, "Jai Hind Jai Sindh," stars Mahesh Manjrekar, Jayaprada, Zarina Wahab, and Rahul Dev. He explains, "It's a love story. I wanted to bring all of India together. Of course, we're dubbing it in different languages." The film features a majority of the cast from Hindi cinema, as it is a Hindi film, but artists and technicians from South India are also involved. Set in 2006, the film tells the story of an India where the spirit of togetherness, love, and celebration is central. Naming his films after women: Lankesh prioritizes equality and respect for women during filmmaking. He says, "You should respect women as much as you respect men and give them their space. Most of my films have been titled after women. The film 'Aishwarya' starred Deepika Padukone, and the film was titled after her character. I launched my son with the film 'Gauri,' and I named that film after my sister." After that, I made 'Monalisa', which, after its success in Kannada, was dubbed into other South Indian languages ??and ran for 25 weeks. For this, I also received the State Awards for Best Director and Best Film. Opportunity for women is a big thing. Lankesh's approach to feminism is practical. He says, "As a man, I have always advocated for women's equality. If they are suitable for a role, I always give them opportunities. For me, feminism means giving women equal status and rights, respecting them, and giving them opportunities. Opportunity is the most important thing. How that opportunity is utilized depends on the individual."





# Tejasswi Prakash entered the OTT world with "Psycho Saiyaan," saying, "I'm here for glamour..."

After starring in powerful TV shows like "Naagin" and "Swaragini," Tejasswi Prakash, the glamour girl of "Laughter Chef 3," has now made her OTT debut. Her web series, "Psycho Saiyaan," released last month, and she spoke about it. Tejasswi Prakash, who made her OTT debut with "Psycho Saiyaan," said, "I know my worth." Nawazuddin Siddiqui had inspired Tejasswi Prakash. Tejasswi Prakash, who has established herself on TV, has now made the move to OTT with the web series "Psycho Saiyaan," about which she recently spoke exclusively with Dainik Jagran. Regarding glamour, Tejasswi Prakash said, "We should choose roles that have something to offer." This is the belief of actress Tejasswi Prakash, who doesn't want to appear in a show solely for glamour. Tejasswi Prakash, who recently appeared in Amazon MX Player's web series "Psycho Saiyaan," says, "I know my worth, so I choose work accordingly. I have no hesitation in saying this because I believe in myself. After TV, I also ventured into digital with "Psycho Saiyaan" because it's a central role. My role is one that controls all the characters. We women can use our minds to fight many things simultaneously. We don't even need to engage in physical combat. As a woman, you have to be very sharp to win and reach where you want to be. Today's women can do many things; they are smart. If they are doing something for their survival, I don't find anything wrong with it." Does Tejasswi think with her heart or use her brain before making any decision? On this, she says, "I am a balanced person. I am not the kind of person who thinks for anyone's sake." I'll give my heart to something that makes me look foolish. This world is very difficult, especially for women. So, my mind comes first in many decisions." Inspired by watching Nawazuddin Siddiqui, Tejasswi is also very cautious about her roles and screen time. She says, "To be honest, I've seen many actors say, 'I've done this film, I've done this show,' and it sounds great. 'Wow, it's a big film!' But when you watch the film, their roles aren't that big." Tejasswi Prakash further added, "When I take on a project, I think about what's in it for me. I want a lead role in a show, but that doesn't mean I won't do performance-oriented roles. Even if it's a small role, it should be one that I'll remember even after I go home. I won't settle for anything less. I saw the film 'New York' during school; Nawazuddin Siddiqui had a very small role in it. Seeing him, I felt like, yes, I want to do work like this."

# Shahid Kapoor gives fans good news with Farzi 2, the actor is ready to take Amazon Prime by storm.

Shahid Kapoor has begun shooting for his highly anticipated thriller series, "Farzi 2." The eight-episode series will be released on Amazon Prime Video. Directed by Raj & DK, the series will tell the story of Sunny, a counterfeit currency printer. Following the completion of Cocktail 2, Shahid Kapoor has begun shooting for another highly anticipated film. After a three-year wait, the actor is returning with his much-awaited thriller series. Streamable on Amazon Prime Video - The actor also shared his look from the film. Sharing a collage of black and white photos on Instagram, he captioned "Farzi Day 1 Shoot." Fans have been eagerly awaiting the second season since the first season premiered in 2023. The first season premiered on Amazon Prime Video on February 10th. Shahid announced the series in February. Sharing a photo with Raj Nidimoru and Krishna Dasarakothapalli, also known as Raj & DK, the actor wrote, "Fakers are back." The film is made by the same duo of Raj & DK, who created web series like "The Family Man," so fans have high expectations from it. Vijay Sethupathi will be seen in the role of a cop. Shahid Kapoor plays Sunny in the series, who, fed up with financial hardship, starts a business of printing fake currency. It is a thriller drama that depicts the cat-and-mouse chase between a counterfeit currency racket, greed, and an honest police officer, Michael, played by Vijay Sethupathi. Apart from Shahid and Vijay, Raashi Khanna will be seen in the lead role in the film.

